केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर

केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये संविदा/अंशकालिक अनुबंध के आधार पर स्नातकोत्तर शिक्षक,प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, कम्प्युटर अनुदेशक, योग प्रशिक्षक, डॉक्टर, नर्स, काउंसलर एवं स्पेशल एजूकेटर के चयन हेतु पैनल तैयार किया जाना है | जिसे नियमित अध्यापक के अवकाश पर रहने अथवा संबन्धित पद के रिक्त होने की अवस्था में आवश्यकतानुसार उपयोग में लिया जायेगा |

साक्षात्कार के समय निम्न दस्तावेज़ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें :-

1. पासपोर्ट साइज़ कलर फोटोग्राफ
2. समस्त शैक्षणिक दस्तावेज़ की मूल प्रति एवं स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति (मूलप्रति वेरिफिकेशन कर अभ्यार्थी को तुरंत लौटा दी जायेगी किन्तु अन्य दस्तावेजों की प्रति नहीं लौटाई जायेगी)
3. एक प्रति पहचान पत्र पते सहित (वोटर आईडी/राशन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/पासपोर्ट इत्यादि)
4. आवेदन पत्र की मूल प्रति |

महत्वपूर्ण जानकारी

1.साक्षात्कार की तिथि :-

पदनाम	साक्षात्कार की तिथि
पी.जी.टी. (हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, सी.एस., वाणिज्य, अर्थशास्त्र)	11.03.2024 प्रात: 9.00 बजे से
टी.जी.टी. (हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत)	
कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर	
प्राथमिक शिक्षक, योगा इंस्ट्रक्टर, स्पेशल एजूकेटर, डॉक्टर, नर्स, काउंसलर	12.03.2024 प्रात: 9.00 बजे से

प्राचार्य

<u>महत्वपूर्ण निर्देश</u>

1. आवेदन करते समय समस्त जानकारी सही प्रदान करे ,यदि जाँच में कोई जानकारी गलत पाई गयी तो वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है |
2. साक्षात्कार हेतु पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार के लिये निर्धारित तिथि पर प्रात: 9.00 बजे से वेरिफिकेशन के लिये उपस्थित हों, बिना वेरिफिकेशन के साक्षात्कार संभव नहीं होगा |
3. साक्षात्कार प्रक्रिया में पूर्णत पारदर्शिता बरतते हुये पेनल की प्रति विद्यालय वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी तथा आवश्यकता होने पर पेनल की वरीयता में शिक्षकों को आमंत्रित किया जायेगा तथा वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा कक्ष –शिक्षण का निरीक्षण कर यदि कार्य संतोषजनक पाया गया तो ही सेवायें ली जायेगी |
4. संविदा शिक्षकों को वेतन केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार देय होगा |
5. विद्यालय हित में विद्यालय के किसी भी संविदा कर्मचारी को हटाये जाने का अधिकार प्राचार्य को है |
6. समस्त पदों के लिये हिन्दी एवं अँग्रेजी दोनों भाषाओ का समुचित ज्ञान आवशयक है | केंद्रीय विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम का अनुसरण करती है तथा शिक्षण का माध्यम मुख्यत: अँग्रेजी है | अत: अँग्रेजी भाषा में पढ़ाने में दक्ष होना चाहिये |
7. कम्प्युटर का बुनयादी ज्ञान सभी पदों के लिये वांछनीय है |
8. किसी भी पद के लिये अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है |
9. शेक्षणिक योग्यता ,मानदेय की जानकारी एवं आवेदन पत्र विद्यालय की वैबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है |
10. आयु सीमा 01.04.2024 को 18 से 65 के मध्य होना चाहिये |
11. उक्त पद अंशकालीन संविदा अनुबंधन के आधार पर है तथा भविष्य में आवेदक किसी भी प्रकार से नियमित नियुक्ति का दावा केंद्रीय विद्यालय संगठन में नहीं कर सकेंगे |
12. रिक्त पद भर जाने अथवा अवकाश से शिक्षक के लौट आने पर नियुक्ति स्वयं समाप्त हो जायेगी |
13. चयोनोपरांत नियुक्त उम्मीदवार की सेवायें संतुष्टिपूर्वक ना होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी सेवाएं समाप्त की जा सकती है |
14. चयनित उम्मीदवार को पुलिस वेरिफिकेशन कराकर विद्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा |

प्राचार्य